**सोशल मीडिया सेल जनपद आजमगढ़**

**पत्र संख्याः- 449/प्रेसनोट/2020** **दिनांकः- 22 अक्टूबर 2020**

# प्रेस विज्ञप्ति

## मिशन शक्ति अभियान (छठवें दिन) के दौरान जनपद के कई विद्यालयों में जिला पुलिस द्वारा #मिशनशक्ति के तहत बालिकाओं को लैंगिक समानता, लैगिक हिंसा की रोकथाम, पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाना, आदि के बारें में किया गया प्रशिक्षण

आज दिनांक 2 2/10/2020 को "मिशन शक्ति" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक आज़मगढ़ श्री सुधीर कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सगड़ी व थाना प्रभारी जीयनपुर द्वारा के0एन0 सिंह महिला पीजी कालेज व थाना प्रभारी कन्धरापुर द्वारा मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज, कन्धरापुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं/महिलाओ को जागरुक किया गया।

उपरोक्त अभियान के तहत जनपद के विभिन्न विद्यालयो,कालेजो तथा सार्वजनिक स्थलो पर में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं/महिलाओ को लैंगिक समानता , हिंसा से रोकथाम और पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने पर कार्यशाला हुई इसमें विभिन्न विद्यालयों की अध्यापिका/ छात्राएं तथा महिलाए भी शामिल रही । इनको मिशन शक्ति कि अभियान के उद्देश्य/कार्यों के प्रति बताया गया। विभिन्न अध्यापिका व छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण , लैंगिक समानता , हिंसा से रोकथाम,महिला आत्मरक्षा आदि के सम्बन्ध में बताया गया। इसके साथ महिला सहायता हेल्पलाइन 1090 , 112, 1098 व 1078 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा शपथ दिलाई गयी कि कोई भी महिला ना तो हिंसा सहेगी ना किसी महिला के प्रति हो रहे हिंसा को सहने देगी,हिसा का डटकर मुकाबला करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला समूह को पुलिस विभाग की महिला हेल्प डेस्क और एंटी रोमियो स्कीमों कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया । मिशन शक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एलईडी वाहनो के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी क्रम में थानो पर बने महिला हेल्प डेक्स के बारे में महिलाओ/बालिकाओं को विस्तृत जानकारी दी गयी।